# विद्युत सेवा आयोग
## उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0

(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास)
विभूति खण्ड, फेज–2, गोमती नगर
लखनऊ–226010
CIN : U32201UP1999SGCO24928

## आवश्यक सूचना

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 एवं इसकी सहयोगी कम्पनियों हेतु आशुलिपिक ग्रेड–III (वर्तमान पद शिविर सहायक) के आरक्षित बैकलॉग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन सं0 07/विसेआ/2019/backlog प्रकाशित किया गया था। तदोपरान्त दिनांक 18.01.2020 को सम्पन्न कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) एवं दिनांक 30.01.2021 को सम्पन्न स्किल टेस्ट (टंकण एवं आशुलेखन) के आधार पर अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जॉच हेतु शार्टलिस्टेड सूची अनुक्रमांक के बढ़ते क्रम में निम्नवत् दी जा रही है।

शार्टलिस्टेड अभ्यर्थी अनुक्रमांक के अनुसार निर्धारित तिथि 09.03.2021 एवं निम्न सारणी में अंकित समय पर विद्युत सेवा आयोग, एस0एल0डी0सी0 परिसर, विभूतिखण्ड, फेज–2, गोमती नगर, लखनऊ–226010 में उपस्थित होना सुनिश्चित करें:–

| क्रम संख्या | निर्धारित समय | अभिलेखों की जॉच की तिथि : 09/03/2021 | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10:45 पूर्वान्ह | 2170010182 | 2170010259 | 2170010398 | 2170010423 | 2170010498 |
| 2 | 11:45 पूर्वान्ह | 2170010624 | 2200020079 | 2200030016 | 2200030107 | 2200030117 |
| 3 | 12:45 अपरान्ह | 2200030282 | 2200030296 | 2200030371 | 2200040105 | 2200040226 |
| 4 | 01:45 अपरान्ह | 2200040236 | ****** | ****** | ****** | ****** |

नोटः– 1–यह मेरिट लिस्ट नहीं है।

**2**–यद्यपि उपरोक्त सूची के प्रकाशन में सभी प्रकार की सावधानियॉ अपनाई गई हैं, फिर भी मुद्रण त्रुटि के लिये विद्युत सेवा आयोग सभी प्रकार के भूल–चूक सुधार का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**3**–इस सूची में अनुक्रमांक के प्रकाशन मात्र से अंतिम रूप से अर्हता स्वीकार किये जाने अथवा चयन किये जाने अथवा नियुक्ति का कोई अधिकार स्वतः प्राप्त नहीं माना जायेगा।

**4**–उपरिवर्णित अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जॉच **"कार्यालय विद्युत सेवा आयोग, एस0एल0डी0सी0 परिसर, निकट मंत्री आवास, विभूतिखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010"** पर उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर की जायेगी, जिसके लिये अभ्यर्थियों को अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजा जायेगा।

**5**–अभिलेखों की जॉच हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर अनुपस्थित अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

**6–अभ्यर्थियों को अभिलेखों की जॉच के समय विज्ञापन की शर्तों के अनुसार निम्नलिखित अभिलेखों की मूल प्रति के साथ एक–एक स्वयं सत्यापित छायाप्रति अपने साथ लाना आवश्यक होगा:–**

(1) ऑनलाइन आवेदन पत्र/सी0बी0टी0 परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट (जो आपके द्वारा डाउनलोड किया गया है)।

(2) 10वीं स्तर का अंकपत्र/प्रमाण पत्र (जिसमें जन्मतिथि अवश्य अंकित हो)।

ELECTRICITY SERVICE COMMISSION

ESCUPPCL विद्युत सेवा आयोग सचिव 2021 उ0 प्र0 पावर कार्पोरेशन ESCUPPCL

(3) 12वीं स्तर का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
(4) स्नातक डिग्री जो विज्ञापन के प्रावधानों के अनुरूप हो।
(5) जाति प्रमाण पत्र (अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉनक्रीमीलेयर) अप्रैल 2018 के उपरान्त निर्गत)।
(6) उत्तर प्रदेश के मूल निवासी होने का अद्यतन प्रमाण पत्र (अप्रैल 2015 के उपरान्त निर्गत)।
(7) अद्यतन पासपोर्ट साइज 02 फोटोग्राफ।
(8) आधार कार्ड अथवा अन्य कोई विधिमान्य फोटोयुक्त पहचान पत्र।
(9) अर्हता से सम्बन्धित अन्य प्रमाण पत्र(यदि आवश्यक हो)।

**7**–वर्तमान में कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु अभ्यर्थियों को निम्न दिशा निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा :–

(1) अभ्यर्थीगण, उनके अनुक्रमांक के सम्मुख अंकित निर्धारित समय पर ही मास्क पहनकर संस्थान में उपस्थित हों एवं अपने साथ वांछित अभिलेखों की मूल एवं छायाप्रतियों के साथ निर्देशानुसार निर्धारित कक्ष में प्रवेश करें।

(2) अभ्यर्थियों द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं उ0प्र0 राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड–19 सम्बन्धी दिशा–निर्देशों(यथा सोशल डिस्टेन्सिंग, सैनिटाइजिंग) का पालन करना आवश्यक है।

(3) अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अन्य किसी अभिभावक/व्यक्ति को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

(4) अभ्यर्थियों को संस्थान के गेट पर सैनिटाइजर का उपयोग करने एवं थर्मल स्क्रीनिंग कराने के उपरान्त ही प्रवेश दिया जायेगा।

सचिव
विद्युत सेवा आयोग

पत्रांक: 219 /विसेआ/07–2019/backlog दिनांक :24/02/2021

ESCUPPCL विद्युत सेवा आयोग सचिव 2021 उ0 प्र0 पावर कार्पोरेशन लि0 ESCUPPCL

ELECTRICITY SERVICE COMMISSION